पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–18] रुड़की, शनिवार, दिनांक 13 मई, 2017 ई0 (बैशाख 23, 1939 शक सम्वत्) [संख्या–19

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान-नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	475–497	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	137–140	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां – ...	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	–	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

चिकित्सा अनुभाग–3

अधिसूचना

26 अप्रैल, 2017 ई0

संख्या 370/XXVIII-3-2017-100/2009(टी0सी0)–खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 70 के प्राविधानानुसार देहरादून में स्थापित अपीलीय अधिकरण में पीठासीन अधिकारी की तैनाती हेतु मा0 उच्च न्यायालय द्वारा संस्तुत श्रीमती कहकशा खान, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चमोली को दिनांक 01–05–2017 से खाद्य सुरक्षा अपीलीय अधिकरण, देहरादून में पीठासीन अधिकारी के पद पर नियुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2. नवनियुक्त पीठासीन अधिकारी की सेवा के निबन्धन और शर्ते खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2011 के नियम 3.2.2 के अनुसार अनुमन्य होगी।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश,
अपर मुख्य सचिव।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अनुभाग–1

अधिसूचना

प्रकीर्ण

02 मई, 2017 ई0

संख्या 92/XIX–1/16–41/2014–श्री राज्यपाल महोदय, भारत का संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके और इस विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करके, उत्तराखण्ड खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग (आपूर्ति शाखा) सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाते है :–

उत्तराखण्ड खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग (आपूर्ति शाखा) समूह 'क' एवं 'ख' सेवा नियमावली 2017

भाग एक–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग (आपूर्ति शाखा) सेवा नियमावली 2017 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2. उत्तराखण्ड खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग (आपूर्ति शाखा) सेवा एक राज्य सेवा है जिसमें समूह "क" एवं "ख" के पद सम्मिलित है।

परिभाषायें

3. जब तक विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में :–

(क) नियुक्ति प्राधिकारी से जिला पूर्ति अधिकारी, उपायुक्त, संयुक्त आयुक्त, अपर आयुक्त के सम्बन्ध में राज्यपाल से है और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के सम्बन्ध में आयुक्त अभिप्रेत है।

(ख) "भारत का नागरिक" से ऐसे व्यक्ति अभिप्रेत है जो संविधान के भाग दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय।

(ग) " आयोग" से लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है।
(घ) "आयुक्त" से आयुक्त, खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है।
(ड) "संविधान" से भारत के संविधान अभिप्रेत है।
(च) "सरकार" से उत्तराखण्ड राज्य की सरकार अभिप्रेत है।
(छ) "राज्यपाल" से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत है।
(ज) "सेवा का सदस्य" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली के या इस नियमावली के प्रारम्भ होने से पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है।
(झ) "सेवा" से उत्तराखण्ड खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग (आपूर्ति शाखा)सेवा से है।
(ञ) "मौलिक नियुक्ति" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गई हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गई हो।
(त) "भर्ती का वर्ष" से किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग दो – संवर्ग

सेवा का संवर्ग 4. (1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या जब तक कि उप नियम (1) के अधीन उसमें परिवर्तन करने के आदेश न दिये जाय, सेवा की सदस्य संख्या परिशिष्ट "क" में दी गई है।

परन्तु :–

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुये छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे अस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा।
(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते है जिन्हें वह उचित समझें।

भाग तीन – भर्ती

भर्ती का स्रोत 5. सेवा के विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी।–

(1) क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे खाद्य निरीक्षकों में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष की प्रथम तिथि को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(2) जिला पूर्ति अधिकारी– (एक) 50 प्रतिशत पद आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
(दो) 50 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों में से जिन्होने भर्ती के वर्ष की प्रथम दिवस को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के रूप में कम से कम 5 वर्ष की सेवा पूरी की हो, आयोग के परामर्श से वरिष्ठता के आधार पर, पदोन्नति द्वारा।

(3) उपायुक्त खाद्य– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थायी जिला पूर्ति अधिकारी जिन्होनें भर्ती के वर्ष की, प्रथम तिथि को इस रूप में, न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये, ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(4) संयुक्त आयुक्त खाद्य– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे, उपायुक्त खाद्य, जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में कम से कम 03 वर्ष की सेवा सहित कुल 13 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये, ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(5) अपर आयुक्त खाद्य– मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे, संयुक्त आयुक्त खाद्य, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम 2 वर्ष की सेवा सहित कुल 16 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो, श्रेष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।
एक पद आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 संवर्ग का होगा।

आरक्षण 6– उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकारी आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग चार– अर्हता

राष्ट्रीयता 7. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी –
(क) भारत का नागरिक हो, या
(ख) तिब्बती शरणार्थी, जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत आया हो, होना चाहिए, या
(ग) भारतीय मूल का व्यक्ति जिसने भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, वर्मा, श्रीलंका तथा केन्या, युगाण्डा और संयुक्त तांजानिया गणराज्य (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) के पूर्वी अफ्रीकी देशों से प्रव्रजन किया हो— परन्तु, उक्त श्रेणी (ख) और (ग) से सम्बन्धित अभ्यर्थी वह व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो। परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) से सम्बन्धित अभ्यर्थी के लिये भी महानिरीक्षक अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा परन्तु यह भी कि यदि अभ्यर्थी उक्त श्रेणी (ग) से सम्बन्धित है तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये जारी नही किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष से अधिक अवधि के बाद उसके द्वारा भारत की नागरिकता प्राप्त करने पर सेवा में रखा जा सकेगा।

टिप्पणी– जिस अभ्यर्थी के मामलें मे पात्रता प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु उसे न तो जारी किया गया हो और न ही नामंजूर किया गया हो, उसे परीक्षा या साक्षात्कार में प्रवेश दिया जा सकता है और उसे अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है। किन्तु शर्त यह है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

शैक्षणिक अर्हता 8. सेवा में विभिन्न पदों की नियुक्ति के लिये अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित अर्हतायें होनी चाहिए:–

पद– जिला पूर्ति अधिकारी **अर्हता–** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि।

अधिमानी अर्हता 9. **अभ्यर्थी जिसने–**
(1) **प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष सेवा की हो, या**
(2) **नेशनल कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण–पत्र अथवा 'सी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो, उसे अन्य बातें समान होते हुये भी सीधी भर्ती के मामलें में इस नियमावली के नियम 15 के अनुसार अधिमान दिया जायेगा।**

आयु 10. सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी की आयु, भर्ती के वर्ष के 01 जुलाई को न्यूनतम 21 वर्ष और अधिक से अधिक 42 वर्ष होनी चाहिए।
परन्तु, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य ऐसे श्रेणियों के अभ्यर्थियों के मामलें में जिन्हे सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाय, अधिकतम आयु उतनी बढ़ाई जायेगी, जैसा कि विहित किया जाय।

चरित्र 11. सेवा के किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए जिससे वह सरकारी सेवा की नौकरी के लिये सर्वथा उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस विषय में स्वंय समाधान करेगा।

टिप्पणी– संघ सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व में अथवा नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकरण या निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में **किसी पद पर नियुक्ति के पात्र नही होंगे। नैतिक अधमता के अपराध में सम्बद्ध सिद्धदोष व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नही होंगे।**

वैवाहिक प्रास्थिति

12. नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष, जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हो अथवा ऐसी महिला जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही जीवित पत्नी हो, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति की पात्र नही होगी।

परन्तु, यदि सरकार का समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण है, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से मुक्त कर सकेगी।

शारीरिक योग्यता

13. किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नही किया जायेगा, यदि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नही है और किसी ऐसे शरीरिक दोष से मुक्त नही है, जिसके कारण उसे अपने कर्तव्यों के दक्षतापूर्वक निर्वहन में हस्तक्षेप की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अनुमोदित करने से पूर्व उससे–

(क) राजपत्रित पद या सेवा के मामले में, आयुर्विज्ञान परिषद् की स्वास्थय परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी,

(ख) सेवा में अन्य पदो के मामलें में वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–2 भाग–3 में समाविष्ट मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है :–

परन्तु, पदोन्नति द्वारा नियुक्त अभ्यर्थी के लिये स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित नही होगा।

भाग पाँच – भर्ती की प्रकिया

रिक्तियों की अवधारणा

14. नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अन्य पिछड़े वर्ग श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और आयोग को सूचित करेगा।

सीधी भर्ती की प्रक्रिया

15 (क) आयोग प्रतियोगितात्मक परीक्षा के प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करेगा। आवेदन पत्र नियत प्रपत्र में दिये जायेंगे।

(ख) आयोग द्वारा जारी प्रवेश–पत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश नही दिया जायेगा।

(ग) आयोग प्राप्त आवेदन पत्रों का परिनिरीक्षण करेगा और ऐसे अभ्यर्थियों को, जो इस नियमावली के अधीन भर्ती के योग्य हों, परीक्षा में प्रवेश देगा।

(घ) लिखित परीक्षा का परिणाम प्राप्त हो जाने और सारणीबद्ध किये जाने के पश्चात् आयोग नियम–06 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करेगा जो इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा निर्धारित स्तर तक पहुंच सके हों।

(ड) साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थियों को प्रदान किये गये अंकों को लिखित परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त किये गये अंकों में जोड़ दिया जायेगा। आयोग अभ्यर्थियों की प्रवीणता के क्रम में, जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किये गये अंकों के कुल योग से प्रकट हों, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को, जितनी वह नियुक्ति के लिए उचित समझे, संस्तुत करेगा।

(ञ) यदि दो या अधिक अभ्यर्थी कुल योग में बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा।

(च) यदि लिखित परीक्षा में भी दो या अधिक अभ्यर्थियों के बराबर अंक हों तो अधिमानी अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा और यदि अधिमानी अर्हता भी समान हो तो अधिक अधिमानी अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा।

(छ) अधिमानी अर्हता के समान होने पर अधिक आयु के अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा और यदि आयु भी समान हो तब सूची में नाम अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार रखे जायेंगे।

आयोग सूची नियुक्त प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

टिप्पणी– प्रतियोगिता परीक्षा का पाठ्यक्रम और नियम आयोग द्वारा समय–समय पर विहित किये जायेगें।

लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत आने वाले पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती प्रक्रिया।

16 (1) जिला पूर्ति अधिकारी के पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती, "समय–समय पर यथा संशोधित उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली 2003" के अनुसार की जायेगी।

लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

16 (2) पदोन्नति के प्रायोजनार्थ एक चयन समिति का गठन किया जायेगा जिसमें निम्नलिखित होंगे:–

(क) अपर आयुक्त खाद्य (आपूर्ति) के पद पर भर्ती उत्तरांचल विभागीय पदोन्नति समिति का गठन (लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर के पदों के लिये) नियमावली, 2002 में उल्लिखित सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत की जायेगी।

(ख) संयुक्त आयुक्त तथा उपायुक्त खाद्य के पद पर भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर एक चयन समिति के माध्यम से की जायेगी जिसका गठन निम्न प्रकार से किया जायेगा :–

(एक) प्रमुख सचिव/सचिव, खाद्य विभाग, उत्तराखण्ड शासन – अध्यक्ष
(दो) प्रमुख सचिव/सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा नामित एक अधिकारी जो संयुक्त सचिव स्तर से निम्न ना हो – सदस्य
(तीन) आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उत्तराखण्ड – सदस्य

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी पात्र अभ्यर्थियों की अलग–अलग पात्रता सूची ज्येष्ठता क्रम में तैयार करेगा, और उन्हें उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ जो आवश्यक समझे जाय, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(घ) चयन समिति उपनियम (v) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों को साक्षात्कार भी कर सकती है।

(ङ) चयन समिति चयन किये गये अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता क्रम में एक पात्रता सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

संयुक्त चयन सूची–17 यदि किसी वर्ष नियुक्ति सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाती है तो संगत सूचियों से नाम लेकर एक संयुक्त चयन सूची इस प्रकार तैयार की जायेगी, जिससे विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

भाग छः – नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

18. (1) उप नियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये, नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की नियुक्ति उसी क्रम में लेकर जिसमें वे नियम 15(2) एवं 15(3) यथास्थिति के अधीन बनायी गयी सूचियों में हों, नियुक्ति करेगा।

(2) यदि किसी वर्ष भर्ती नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जानी है तो नियमित नियुक्तियाँ तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि दोनों स्रोतों से चयन न किया गया हो और नियम 17 के अनुसार संयुक्त सूचियाँ तैयार न की गयी हों।

(3) यदि किसी चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति में एक से अधिक नियुक्ति का आदेश जारी किया जाता है तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा जिसमें चयनित व्यक्तियों के नाम का उल्लेख चयन में अवधारित ज्येष्ठता के आधार या उस क्रम में, यथास्थिति, जिस क्रम में उनका नाम उस संवर्ग में है, जिससे उन्हें पदोन्नति किया गया है, किया जायेगा। यदि नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाय तो नाम नियम 17 में निर्दिष्ट चक्रीय क्रम में क्रमांकित किये जायेंगे।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी अस्थायी या स्थानापन्न रूप में भी उप नियम (1) के अधीन तैयार की गई सूची में नियुक्ति कर सकता है। यदि सूचियों का कोई अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो वह इन नियमों के अधीन पात्र अभ्यर्थियों में से ऐसी रिक्तियों पर नियुक्ति कर सकता है। ऐसी नियुक्तियाँ एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए या इन नियमों के अधीन अगले चयन के बाद तक, इनमें जो भी पहले हो, नहीं की जायेगी और जहाँ पद आयेगा के क्षेत्र के अन्तर्गत आता हो, वहाँ उत्तराखण्ड, लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, 2003 के प्राविधान लागू होंगे।

परिवीक्षा 19. (1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति को एक वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे, अलग-अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है, जिससे ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायेगा जब तक अवधि बढ़ायी जाय।

परन्तु अपवादिक परिस्थितियों के सिवाय, परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नही किया है या वह सन्तोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है।

(4) उप नियम (3) के अधीन जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति को प्रत्यावर्तित किया जाय, वह किसी प्रतिकर का हकदार नही होगा।

स्थायीकरण 20. (1) किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढायी गयी परिवीक्षा के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा यदि :-

(क) उसका कार्य एवं आचरण संतोषजनक बताया जाय।

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय।

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी को यह समाधान हो जाय कि वह स्थायीकरण के लिये अन्यथा उपयुक्त है।

ज्येष्ठता 21. किसी व्यक्ति की ज्येष्ठता उत्तराखण्ड सरकारी सेवक (ज्येष्ठता निर्धारित) नियमावली, 2002 के अनुसार किया जायेगा। यदि दो या उससे अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किये जाते हैं तो उनकी ज्येष्ठता उस क्रम में निर्धारित की जायेगी जिसमें उनके नाम उसकी नियुक्ति आदेश में क्रमांकित किये जाते हैं :

परन्तु उपबन्ध यह है कि यदि नियुक्ति आदेश में कोई पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाता है, जिससे कोई व्यक्ति मूल रूप से नियुक्त किया जाता है तो वह दिनांक उसकी मौलिक नियुक्ति आदेश का दिनांक माना जायेगा :

(1) किसी एक चयन के परिणाम स्वरूप सीधी नियुक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो, यथास्थिति, आयोग या चयन समिति द्वारा अवधारित की जाय :

परन्तु उपबन्ध यह है कि यदि सीधी भर्ती वाला कोई अभ्यर्थी पद का प्रस्ताव प्रदान किये जाने पर बिना वैध कारणों से कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहता है तो वह अपनी ज्येष्ठता खो सकता है।

(2) पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो उनके संवर्ग में थी जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है।

(3) जहाँ नियुक्तियाँ पदोन्नति और सीधी भर्ती दोनों प्रकार से अथवा किसी एक स्रोत द्वारा की जाती है और स्रोतों का पृथक–पृथक कोटा विहित है तो परस्पर ज्येष्ठता नियम 20 के अनुसार तैयार की गई संयुक्त सूची के नामों को चक्रीय क्रम में इस प्रकार क्रमांकित कर अवधारित की जायेगी कि विहित प्रतिशत बना रहे :

परन्तु उपबन्ध यह है कि –

(एक) जहाँ किसी स्रोत से नियुक्तियाँ विहित कोटे से अधिक की जाती है वहाँ कोटे से अधिक नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता अनुवर्ती वर्ष या वर्षो में, जिनमे कोटे के अनुसार रिक्तियाँ हों, नीचे कर दी जायेगीं।

(दो) जहाँ किसी स्रोत से नियुक्तियाँ विहित कोटे से कम की जाती है और ऐसे रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्तियाँ अनुवर्ती वर्ष या वर्षो में की जाती है, वहाँ इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों की किसी पूर्ववर्ती वर्ष से ज्येष्ठता नही मिलेगी, बल्कि उन्हें उस वर्ष की ज्येष्ठता मिलेगी जिस वर्ष उनकी नियुक्ति की गई। यद्यपि उस वर्ष की संयुक्त सूची में उनका नाम (इस नियम के अधीन तैयार की जाने वाली सूची) चक्रीय क्रम मे अन्य नियुक्त व्यक्तियों के नाम से सबसे ऊपर रखा जायेगा।

(तीन) जहाँ नियमों या विहित प्रक्रिया के अनुसार किसी स्रोत से भरी जाने वाली रिक्तियाँ संगत नियम या प्रक्रिया में उल्लिखित परिस्थितियों मे किसी अन्य स्रोत से भरी जा सकती हैं और इस प्रकार कोटे से अधिक नियुक्तियाँ की जाती है, वहाँ इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति को उसी वर्ष की ज्येष्ठता मिलेगी मानों उसकी नियुक्ति उसके कोटे की रिक्तियों के विरूद्ध की गई है।

भाग सात– वेतन इत्यादि

वेतनमान

22. (1) सेवा में किसी पद पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा, जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय प्रवृत वेतनमान परिशिष्ट 'ख' में दिया गया है :–

परिवीक्षा के दौरान वेतन

23.(1) मूल नियमों में किसी प्रतिकूल प्राविधान के होते हुए भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति, यदि स्थायी सरकारी सेवा में नहीं है, तो उसे एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने, विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने और प्रशिक्षण प्राप्त करने पर, जहाँ विहित हो, समयमान में पृथक वेतन वृद्धि की अनुमति प्रदान की जायेगी तथा दूसरी वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा पश्चात् परिवीक्षा अवधि पूर्ण किये जाने तथा स्थायी किये जाने पर दी जायेगी।

परन्तु उपबन्ध यह है कि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाती है तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दें, ऐसी बढ़ाई गयी अवधि वेतन वृद्धि के लिए नहीं गिनी जायेगी।

(2) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो सरकार के अधीन पहले से ही पद धारण कर रहा है संगत मूल नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा :

परन्तु यह कि यदि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाती है तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दें ऐसी बढ़ाई जाती है तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दें ऐसी बढ़ाई गयी अवधि वेतन वृद्धि के लिए नहीं गिनी जायेगी।

(3) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो पहले से ही स्थायी सरकारी सेवा में है, राज्य के कार्यों से सम्बन्धित सामान्य सेवारत सेवकों पर लागू संगत नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

भाग आठ – अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थपन 24. किसी पद या सेवा या लागू नियमावली के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी अन्य सिफारिश पर चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नही किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयो का विनियमन 25. ऐसे विषयों के सम्बन्ध में जो इन नियमों या विशेष आदेशों के अन्तर्गत नहीं आते, सेवा में नियुक्त ऐसे व्यक्ति जो राज्य के कार्य कलाप के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्य या लागू विनियमों और आदेशों द्वारा विनियमित होंगे।

सेवा की शर्तों में शिथिलीकरण 26. जहाँ राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामलें में अनुचित कठिनाई होती है, वहां वह उस मामले में लागू होने वाले नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा, उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिन्हें वह मामले में न्याय–संगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे अभिमुक्त या उसे शिथिल कर सकती है।

व्यावृत्ति 27. इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नही पड़ेगा जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये उपबंधित करना अपेक्षित हो।

परिशिष्ट– 'क'
(नियम–4(2))

क्र0सं0	पद का नाम	पदों की संख्या		
		स्थायी	अस्थायी	योग
1	अपर आयुक्त (खाद्य)	2	–	2 (एक पद आई0ए0एस/पी0सी0एस0 संवर्ग का होगा।)
2	संयुक्त आयुक्त (खाद्य)	2	–	2
3	उपायुक्त (खाद्य)	3	–	3
4	जिला पूर्ति अधिकारी	13	–	13
5	क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी	61	–	61

परिशिष्ट– 'ख'
(नियम–4(2))

क्र0सं0	पद का नाम	वेतनमान		
		वेतन बैण्ड का नाम	वेतन बैण्ड (रू0)	ग्रेड वेतन (रू0)
01	अपर आयुक्त (खा0)	वेतन बे–4	37400–67000	8700
02	संयुक्त आयुक्त (खा0)	वेतन बे–3	15600–39100	7600
03	उपायुक्त (खा0)	वेतन बे–3	15600–39100	6600
04	जिला पूर्ति अधिकारी	वेतन बे–3	15600–39100	5400
05	क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी	वेतन बे–2	9300–34800	4600

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
प्रमुख सचिव।

In pursuance of provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Notification No. 92/XIX-1/17-41/2014, Dehradun, dated May 02, 2017 for general information:

NOTIFICATION

Miscellaneous

May 02, 2017

No. 92/XIX-1/17-41/2014--In exercise of the powers conferred by the provision to Article 309 of the Constitution and in supperssion of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased, to make the following rules regulating recruitment and condition of Service of persons appointed to the Uttarakhand Food and Civil Supply Department (Supply Branch) Service recruitment rules:--

UTTARAKHAND FOOD AND CIVIL SUPPLY DEPARTMENT (SUPPLY BRANCH) GROUP 'A' & 'B' SERVICE RULE, 2017

PART I
GENERAL

Short title and commencement:- 1. (1) These Rules may be called the Uttarakhand Food and Civil Supply Department (Supply Branch) Service rules, 2017.

(2) It shall come into force at once.

Status of Service: 2. The Uttarakhand Food and Civil Supply Department (Supply Branch) Service is State service, which comprises Group 'A' & 'B' posts.

Definitions:- 3. In these rules unless there is anything repugnant in the subject or content –

(a) "Appointing Authority" means Governor for District Supply officer, Deputy Commissioner, Joint Commissioner, Additional Commissioner. Appointing Authority means Food Commissioner for Area Rationing Officer.

(b) "citizen of India" means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of the Constitution;

(c) "Commission" means the Public Service Commission of Uttarakhand.

(d) "Commissioner" means the Commissioner Food and Civil Supply Department of Uttarakhand.

(e) "Constitution" means the Constitution of India;

(f) "Government" means the State Government of Uttarakhand;

(g) "Governor" means the Governor of Uttarakhand;

(h) "member of service" means a person appointed in substantive capacity under these rules or orders in force prior to the commencement of these rules to a post in the cadre of the Service;

(i) "service" means the Service of Food and Civil Supply Department (Supply Branch) Uttarakhand;

(j) "Substantive appointment" means an appointment, not being an ad hoc appointment, on a post in the cadre of the Service made after selection in accordance with the rules, and if there were no rules, in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instruction issued by the Government; and

(k) "Year of recruitment" means the period of twelve months commencing from the first day of July of a calendar year.

PART II
CADRE

Cadre of Service:-

4. (1) The strength of the service and of each category of post shall be such as may be determined by the Governor from time to time.

(2) The strength of the Service and of each category of posts therein shall, until orders varying the same are passed under sub-rule (1) shall be as given in Appendix 'A'.

Provided that ;

(1) The Appointing Authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post without entitling any person to payment or compensation.

(2) The Governor may create such additional permanent or temporary posts as he may consider proper.

PART III
RECUIRTMENT

Source of Recruitment

5.

1.	Area Rationing Officer	By promotion on the basis of seniority subject to rejection of unfit from amongst the permanent supply inspectors who have completed 5 years of service from the first day of the year.

	2. District Supply Officer	(1) 50 percent by direct recruitment through the Commission. (2) 50 percent by promotion in consultation with the commission on the basis of seniority among those Area Rationing Officers, who have completed a minimum of 5 years of service from the first day of the year of recruitment.
	3. Deputy Commissioner Food	By promotion on the basis of seniority subject to rejection of unfit from amongst the permanent District Supply Officer who have completed a minimum of 5 years of service from the first day of the year of recruitment.
	4. Joint Commissioner Food	By promotion on the basis of seniority subject to rejection of unfit from amongst the Deputy Commissioner food who have completed 03 years of satisfactory service including a minimum of total 13 years of service from the first day of the year of recruitment.
	5 Additional Commissioner Food	By promotion on the basis of seniority subject to rejection of unfit from amongst the Joint Commissioner food who have completed 02 years of satisfactory service including a minimum of Total 16 years of service from the first day of the year or recruitment. One post shall be amongst the cadre of IAS/PCS.
Reservation	6.	Reservations belonging to the State of Uttarakhand shall be in accordance with the orders of the government in force at the time of the recruitment.

PART IV
QUALIFICATIONS

Nationality:-

7. A candidate for direct recruitment to a post in the Service must be-

(a) A citizen of India; or

(b) A Tibetan refugee who came over to India before 1st January,1962, with the intention of permanently settling in India; or

(c) A person of Indian origin who has migrated from Pakistan, Burma, Ceylon or any of the East African countries of Kenya, Uganda and the United Republic of Tanzania (Formerly Tanganyika and Zanzibar) with the intention of permanently settling in India:

Provided that a candidate belonging to category (b) or (c) above must be a person in whose favour a certificate of eligibility has been issued by the State Government:

Provided further that a candidate belonging to category (b) will also be required to obtain a certificate of eligibility granted by the Deputy Inspector General of Police, Intelligence Branch, Uttarakhand:

Provided also that if a candidate belongs to category (c) above, no certificate of eligibility will be issued for a period of more than one year and the retention of such a candidate in Service beyond a period of one year, shall be subject to his acquiring Indian citizenship.

Note: a candidate in whose case a certificate of eligibility is necessary but the same has neither been issued nor refused, may be admitted to an examination or interview and he may also be provisionally appointed subject to the necessary certificate being obtained by him or issued in his favour.

Academic Qualification:-

